**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**

**MID TERM EXAMINATION (2022-23)** **Day & Date: Thursday, 29-09-2022**

**(SET – 1)**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085 कक्षा – दसवीं**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश :–**

- *इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं – खंड 'अ' और खंड 'ब।'*
- *खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
- *खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*
- *निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।*
- *दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
- *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

**खंड – अ**

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :– (1×5=5)

ज़िंदगी जीने के लिए है, बिताने के लिए नहीं। ज़िंदगी वही जीता है, जिसमें आत्मविश्वास है। जीवन का संबंध जीत से है। इसमें वही विजयी होता है, जिसमें दृढ़ इच्छा-शक्ति हो, जो कठिनाइयों का सामना कर सके। मनुष्य का जीवन एक कर्म क्षेत्र है, एक संग्राम है, एक संघर्ष है, जहाँ आरंभ से लेकर अंत तक कर्तव्य को साहस और धैर्य के साथ निभाना पड़ता है। साहस मनुष्य के मन का सम्राट है। साहस और निराशा दोनों में विरोधाभास है। जब साहस मार्ग दिखाता है, तो अन्य मानसिक और शारीरिक शक्तियाँ भी जागृत होकर निराशा को समाप्त कर देती हैं। ठोकर खाकर गिरने में कोई अपराध नहीं है, अपितु गिरकर न उठना महा अपराध है। जब काली घटाएँ व्यक्ति के सिर पर छा रही हों, तो संघर्षशील बुद्धिमान व्यक्ति की तरह याद रखना चाहिए कि काली घटाओं के पीछे सूरज चमक रहा है और घटाओं की सीमा पार करते ही प्रकाश फैल जाएगा। मनुष्य का सबसे अंधकारमय पक्ष उसका अपना मन ही है। मनुष्य का श्रेष्ठतम पक्ष उसके मानसिक विचार हैं।

(i) ज़िंदगी सबको क्या सीख देती है?

(क) ज़िंदगी बिताने के लिए है, जीने के लिए नहीं। (ग)जीवन का संबंध हमें मिलने वाली हार से है।
(ख)ज़िंदगी वही जीता है, जिसमें आत्मविश्वास नहीं है। (घ)वही विजयी होता है, जिसमें इच्छा-शक्ति हो।

(ii) मनुष्य के जीवन में साहस की क्या भूमिका है?

(क) साहस मनुष्य के मन का सम्राट है। (ग) साहस और निराशा दोनों में समानता है।
(ख) साहस के बिना कर्तव्य को निभाना पड़ता है। (घ) साहस कभी मार्ग नहीं दिखाता है।

(iii) मनुष्य का सबसे अंधकारमय तथा श्रेष्ठतम पक्ष क्या है?

(क) काली घटाओं के पीछे सूरज

(ख) घटाओं की सीमा पार करते ही प्रकाश

(ग) उसका अपना मन तथा मानसिक विचार

(घ) जब काली घटाएँ सिर पर छा रही हों।

(iv) उपर्युक्त गद्यांश हमें क्या संदेश दे रहा है?

(क) मनुष्य का जीवन एक धर्म क्षेत्र है।

(ख) जीवन एक संग्राम है, एक संघर्ष है।

(ग) जीवन में धैर्य की आवश्यकता नहीं होती है।

(घ) मानसिक व शारीरिक शक्तियाँ सोती रहें।

(v) जीवन में सबसे बड़ा अपराध किसे माना गया है?

(क) ठोकर खाकर गिरना अपराध है।

(ख) कर्तव्य को निभाना अपराध है।

(ग) कठिनाइयों का सामना करना अपराध है।

(घ) गिरकर न उठना महा अपराध है।

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :–

(1×5=5)

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है। भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा? इस प्रश्न को सुलझाने में या स्वप्न लेने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है। भविष्य के बारे में सोचिए ज़रूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए, क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है। अतः आप की सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें, कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें। वर्तमान रूपी नींव को मज़बूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव बनती गई, तो भविष्य रूपी इमारत भी अवश्य बन जाएगी। जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें। यह सोचते हुए समय ख़राब न करें कि हे भगवान! मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, समय उसे नष्ट कर देता है। वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है। भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिंताएँ घेर लेती हैं। ये चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं। मन में लगन कम होती है और लक्ष्य दूर होता चला जाता है।

(i) आज का विद्यार्थी अपना बहुत-सा समय किस प्रकार नष्ट कर देता है?

(क) वह भविष्य के बारे में कुछ नहीं सोचता।

(ख) वह सपने बिलकुल नहीं देखता।

(ग) उसे प्रश्नों को सुलझाना पसंद नहीं है।

(घ) वह भविष्य की चिंता करता रहता है।

(ii) हमारी सफलता का मूल मंत्र क्या हो सकता है?

(क) हम स्वप्न देखना बंद कर दें।

(ख) वर्तमान की नींव को नष्ट करें।

(ग) स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें।

(घ) भविष्य को वर्तमान पर हावी होने दीजिए।

(iii) भविष्य के बारे में अधिक सोचने से क्या होता है?

(क) जीवन में निराशा नहीं आती।

(ख) चिंताएँ घेर लेती हैं।

(ग) भविष्य रूपी इमारत कभी नहीं बनती।

(घ) कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती है।

(iv) हम क्या सोचते हुए अपना समय ख़राब कर देते हैं?

(क) हम नकारात्मक सोच में समय बिताते हैं। (ग) हम वर्तमान को सँवारने में लग जाते हैं।

(ख) हम सकारात्मक सोच में समय बिताते हैं। (घ) हम सोचते हैं कि हम सफल हो जाएँगे।

(v) समय किसे नष्ट कर देता है?

(क) समय परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों को नष्ट कर देता है।

(ख) समय भाग्य पर निर्भर न रहने वालों को नष्ट कर देता है।

(ग) समय सकारात्मक सोच वालों को नष्ट कर देता है।

(घ) जो समय नष्ट करता है, समय उसे नष्ट कर देता है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए: (1×4=4)

{1} जब तुम दुबई पहुँचोगे ,सूरज **डूब रहा होगा**। रेखांकित पदबंध का भेद है–

I. संज्ञा पदबंध III. क्रिया पदबंध

II. सर्वनाम पदबंध IV. विशेषण पदबंध

(2) 'घर के सामने वाले मैदान में बच्चे खेल रहे हैं।' – वाक्य में सही पदबंध है:

I. मैदान – संज्ञा पदबंध III. घर के सामने वाले – विशेषण पदबंध II. मैदान में बच्चे – सर्वनाम पदबंध IV. खेल रहे हैं – क्रियाविशेषण पदबंध

(3) दिए गए रेखांकित विकल्पों में से संज्ञा पदबंध कौन-सा है?

I. रोज़ दूध देने वाला ग्वाला आज नहीं आया। III. खिली हुई कलियाँ बहुत सुंदर लगती हैं।

II. गीत गाती हुई स्त्रियाँ पानी भरने जा रही थीं।IV. सच बोलने वाले लोग सफल होते हैं।

(4) स्मिता मुस्कराते हुए बोली। रेखांकित पदबंध का भेद है –

I. क्रियाविशेषण पदबंध III. क्रिया पदबंध

II. सर्वनाम पदबंध IV. विशेषण पदबंध

(5) बहुत बातें करने वाला सात्विक आज कक्षा में चुप बैठा है। रेखांकित पदबंध का भेद है –

I. संज्ञा पदबंध III. विशेषण पदबंध

II. सर्वनाम पदबंध IV. क्रिया पदबंध

प्रश्न 4. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए: (1×4=4)

(1) कमाने वाला खाएगा । इससे रूपांतरित मिश्र वाक्य होगा –

I. खाने के लिए कमाएगा । III. जो कमाएगा, वह खाएगा ।

II. कमाएगा और मिल कर । IV. खाते – खाते कमाएगा ।

(2) निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य छाँटिए –

I. देश को विकास की राह पर ले जाना है, इसलिए प्रधानमंत्री अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं।
II. देश को विकास की राह पर ले जाने के लिए प्रधानमंत्री अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं।
III. प्रधानमंत्री अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि देश को विकास की राह पर ले जाना है।
IV. यदि प्रधानमंत्री अपना पूरा प्रयास करेंगे, तो देश को विकास की राह पर ले जाएँगे।

(3) फ़ोन पर गेम खेलना बंद करो और पढ़ने बैठ जाओ। रचना के आधार पर वाक्य-भेद है –

I. संयुक्त वाक्य
II. सरल वाक्य
III. मिश्रित वाक्य
IV. जटिल वाक्य

(4) <u>जब गाँव में बाढ़ आई,</u> तब तबाही मच गई। रेखांकित आश्रित उपवाक्य का भेद बताइए।

I. संज्ञा आश्रित उपवाक्य
II. प्रधान उपवाक्य
III. विशेषण आश्रित उपवाक्य
IV. क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य

(5) सरकार ने आदेश देकर दो बड़ी इमारतों को गिरा दिया। – इस वाक्य का भेद होगा:

I. मिश्र वाक्य II. सरल वाक्य III. संयुक्त वाक्य IV. मुख्य वाक्य

प्रश्न 5. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **<u>चार</u>** के उत्तर दीजिए: **(1×4=4)**

(1) '<u>राजाज्ञा</u>' समस्तपद का सही विग्रह तथा समास का नाम चुनिए –

I. राजा के लिए आज्ञा – तत्पुरुष
II. राजा और आज्ञा – द्वंद्व समास
III. राजा है जो आज्ञा – कर्मधारय समास
IV. राजा की आज्ञा – तत्पुरुष

(2) '<u>पाँच पात्रों का समूह</u>' विग्रह का सही समस्तपद तथा समास का नाम लिखिए:

I. पंचानन – कर्मधारय समास
II. पंचतत्व – अव्ययीभाव समास
III. पंचपात्र – द्विगु समास
IV. पंचतंत्र – द्वंद्व समास

(3) रेखांकित समस्तपद का सही विग्रह तथा समास का नाम चुनिए –

लोक-कल्याण के लिए <u>गंगाधर</u> ने अपनी जटाओं को खोल दिया।

I. गंगा है जो धारण – कर्मधारय समास
II. गंगा के अनुसार धारण – अव्ययीभाव
III. गंगा को धारण करने वाले (शिव जी) – बहुव्रीहि
IV. गंगा को धारण – कर्म तत्पुरुष

(4) निम्नलिखित रेखांकित पदों का सामासिक शब्द तथा उसका भेद चुनिए –

'हाथोंहाथ' किस प्रकार का सामासिक शब्द है?

I. द्वंद्व समास
II. बहुव्रीहि समास
III. अव्ययीभाव समास
IV. कर्मधारय समास

(5) द्वंद्व समास का उदाहरण है –

I. दानवीर II. त्रिकोण III. ऋतुराज IV. सुख-दुःख

प्रश्न 6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए: (1×4=4)

(1) सीमा सुरक्षा बल ने जंगल में छिपे आतंकवादियों का ____________________।

I. पापड़ बेलना II. नामोनिशान मिटाना III. दबे पाँव आना IV. चक्कर खाना

(2) गोपियाँ मुरली की धुन सुनते ही अपनी ________________ बैठती थीं।

I. आग बबूला होना II. बाट जोहना III. आड़े हाथों लेना IV. सुध-बुध खोना

(3) झूठ बोलने वाले लोग मुझे __________________ ।

I. मुँह लटकाना II. फूटी आँख न सुहाना III. आँखें भर आना IV. गाँठ बाँधना

(4)' दुखी को ओर दुखी करना' किस मुहावरे के अर्थ को दर्शाता है?

I.. गिरह बाँधना III. दाँतों पसीना आना

II. घाव पर नमक छिड़काना IV. लोहे के चने चबाना

(5) 'विरोध करना' किस मुहावरे के अर्थ को दर्शाता है?

I. आवाज़ उठाना II. लोहे के चने चबाना III. तीर मारना IV. डेरा डालना

(6) 'प्राण सूखना' मुहावरे का अर्थ है –

I. परिश्रम करना II. डर लगना III. कष्ट उठाना IV. घमंड होना

प्रश्न 7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प लिखिए: (1×5=5)

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,

– जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल!

(क) 'मेखलाकार' शब्द का यहाँ क्या अर्थ होगा?

(i) कंधे के आकार का पहाड़ (iii) करघनी के आकार की पहाड़ की ढाल

(ii)सीढ़ीनुमा पहाड़ की खेती-बाड़ी (iv)गले के लंबे हार के समान पहाड़ की ढाल

(ख) 'अपने सहस्र दृग-सुमन' से कवि का क्या तात्पर्य है?

(i) अपने हज़ारों सुमन रूपी नेत्रों से (iii) अपने हज़ारों फूलों रूपी सुमन से

(ii) अपने हज़ार-हज़ार पुष्पों से (iv) अपने हज़ारों सुमन जैसे फूलों से

(ग) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है?

(i) आसमान से (ii) नदी से (iii) दर्पण से (iv) सुमन से

(घ) 'दृग-सुमन' में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

(i) उपमा (ii) अनुप्रास (iii) पुनरुक्ति प्रकाश (iv) रूपक

(ङ) पावस कौन-सी ऋतु होती है?

(i) ग्रीष्म (ii) शरद् (iii) वर्षा (iv) वसंत

प्रश्न 8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प लिखिए: **(1×2=2)**

हम घर जाल्या आपणाँ, लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि।।

(1) प्रस्तुत साखी में 'मुराड़ा' किसका प्रतीक है?

(i) यज्ञ की लकड़ी का (iii) ज्ञान की लकड़ी का

(ii) चूल्हे की लकड़ी का (iv) मशाल की लकड़ी का

(2) मुराड़ा लेकर जाने वाले के साथ चलने वालों को क्या करना होगा?

(i) अपना घर बंद करना होगा। (iii) दूसरों का घर जलाना होगा।

(ii) अपना घर जलाना होगा। (iv) सांसारिक बंधन जलाना होगा।

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प लिखिए: (**1x5=5**)

यह सब तो अपने सुनी हुई लिख रहे हैं पर सुभाष बाबू का और अपना विशेष फ़ासला नहीं था। सुभाष बाबू बड़े ज़ोर से वंदे मातरम् बोलते थे, यह अपनी आँख से देखा। पुलिस भयानक रूप से लाठियाँ चला रही थी। क्षितीश चटर्जी का फटा हुआ सिर देखकर तथा उसका बहता हुआ ख़ून देखकर आँख मिंच जाती थी। इधर यह हालत हो रही थी कि उधर स्त्रियाँ मॉन्यूमेंट की सीढ़ियों पर चढ़ झंडा फहरा रही थीं और घोषणा पढ़ रही थीं। स्त्रियाँ बहुत बड़ी संख्या में पहुँच गई थीं। प्रायः सबके पास झंडा था। जो वालेंटियर गए थे, वे अपने स्थान से लाठियाँ पड़ने पर भी हटते नहीं थे।

(क) सुभाष बाबू और किसके बीच विशेष फ़ासला नहीं था?

(i) अविनाश बाबू के (ii) मदालसा के (iii) लेखक के (iv) हरिश्चंद्र सिंह के

(ख) पुलिस किस प्रकार लाठियाँ चला रही थी?

(i) धीमे-धीमे (ii) भयानक रूप से (iii) हवा में (iv) सिर के ऊपर

(ग) किसका सिर फटा हुआ था?

(i) मदन मोहन (ii) सुभाष बाबू (iii) अविनाश बाबू (iv) क्षितीश चटर्जी

(घ) घोषणा कौन पढ़ रही थीं?

(i) लड़कियाँ (ii) तितलियाँ (iii) स्त्रियाँ (iv) पुलिस

(ङ) लाठियाँ पड़ने पर भी कौन नहीं हटते थे?

(i) वालेंटियर (ii) सैनिक (iii) नेता (iv) बच्चे

प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **<u>सर्वाधिक उपयुक्त</u>** विकल्प लिखिए: (1×2=2)

वामीरो घर पहुँचकर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी। उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी। उसने तताँरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं। उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था। किंतु वही तताँरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया। सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला। उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था, जैसा वह अपने जीवन-साथी के बारे में सोचती रही थी। किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था।

(1) दिए गए गद्यांश के अनुसार कौन-सा कथन **<u>ग़लत</u>** है?

(i) वामीरो घर पहुँचकर बेचैनी महसूस करने लगी।

(ii) दूसरे गाँव के युवक के साथ विवाह संबंध परंपरा के विरुद्ध था।

(iii) तताँरा बेहद शांत, सभ्य और भोला नवयुवक था।

(iv) वामीरो ने तताँरा के बारे में कुछ भी नहीं सुना हुआ था।

(2) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम है –

(i) बड़े भाई साहब – प्रेमचंद (iii) लपाती-पासा गाँव – लीलाधर मंडलोई

(ii) पशु-पर्व – सीताराम सेकसरिया (iv) तताँरा-वामीरो कथा – लीलाधर मंडलोई

## <u>खंड 'ब'</u>

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किन्हीं ***<u>दो</u>*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

(i) रूढ़ियाँ कब बुराई का रूप धारण कर लेती हैं? उनसे छुटकारा कैसे पाया जा सकता है? 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ii) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

(iii) अहंकार व्यक्ति का नाश कर देता है।' बड़े भाईसाहब ने इस बात को किन उदाहरणों से समझाया है?

प्रश्न 12. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

(i) 'मनुष्यता' कविता में कवि किन-किन मानवीय गुणों का वर्णन करता है? आप इन गुणों को क्यों आवश्यक समझते हैं, तर्क सहित उत्तर लिखिए।

(ii) मीराबाई की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।

(iii) कबीर ने अपने दोहे में निंदक को समीप रखने की सलाह दी है। क्या आप भी अपने निंदक को पसंद करते हैं? निंदक के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए उससे होने वाले लाभों के बारे में लिखें।

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

(i) रिश्तों की दीवार कितनी भी मजबूत हो, पैसा उसमें दरार डाल ही देता है। 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ii) ठाकुरबारी का काम लोगों के विश्वास और आस्था की रक्षा करना है, परंतु वहाँ के महंत व पुजारी धन लोलुपता के चक्कर में अन्याय में साझीदार बनते हैं। उनकी इस लिप्सा पर टिप्पणी करते हुए बचने के उपाय बताइए।

(iii) अंत में हरिहर काका द्वारा ज़मीन के बारे में लिया जाने वाला निर्णय क्या था और वह परिवार के मूल्यों को कैसे प्रभावित करता है? यह स्थिति हर व्यक्ति को क्या संदेश प्रदान करती है?

## लेखन

प्रश्न-14. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (5×1=5)

1. साइबर क्राइम -
   * साइबर क्राइम के प्रकार
   * साइबर क्राइम के कारण
   * साइबर क्राइम को रोकने के उपाय।

2. जहाँ चाह, वहाँ राह-
   * इच्छा-शक्ति से उत्साह और आत्मबल का उदय
   * सच्ची लगन से कठिन कार्य संभव
   * संकल्प-शक्ति से बड़ी सफलताएँ।

3. युवा वर्ग में बढ़ती धूम्रपान की समस्या -
   * धूम्रपान की आदत लगना
   * धूम्रपान का स्वास्थ्य पर कुप्रभाव
   * इस आदत बचने के उपाय

प्रश्न-15. आप अभिनंदन/समीक्षा हैं। आप अपने विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाना चाहते हैं। इसकी अनुमति माँगते हुए तथा आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्या को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। (5×1=5)

***अथवा***

आप फ़्लैट सं॰ 108, माधवधाम सोसाइटी, बांद्रा, मुंबई के निवासी सक्षम/जिज्ञासा हैं। अपने क्षेत्र के अस्पताल के प्रबंध पर असंतोष व्यक्त करते हुए वहाँ के मुख्य चिकित्सा-अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्रश्न-16. दिल्ली में जनकपुरी से लेकर बोटैनिकल गार्डन तक बिना चालक वाली मेट्रो ट्रेन सेवा आरंभ हो चुकी है। इसके रूट, समय-सारिणी, किराये तथा अन्य सुविधाओं आदि विषय पर यात्रियों के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक की ओर से 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। (4×1=4)

***अथवा***

आप दसवीं कक्षा के छात्र हैं। आने वाली बोर्ड-परीक्षाओं में उत्तम प्रदर्शन के लिए विद्यालय द्वारा अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया गया है। विषयों, दिन, समय, स्थान, ट्रांसपोर्ट आदि की जानकारी देते हुए प्राचार्य की ओर से कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों के लिए 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न-17. आज़ादी के अमृत महोत्सव पर **'हर घर तिरंगा'** का प्रचार करते हुए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से एक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। (3×1=3)

***अथवा***

कोई कंपनी बाज़ार में नया **'स्कूल बैग'** उतारना चाहती है। उसकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

प्रश्न-18. किसी **एक** विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में लघु कथा लिखिए: (5×1=5)
(क) मैं रेलवे स्टेशन के लिए निकल पड़ा था/पड़ी थी। मेरी गाड़ी पाँच बजे की थी। अभी दो बजे थे। आसमान में बादल छाए थे। टैक्सी में गाने बज रहे थे। अभी हम हाइवे पर पहुँचे भी न थे कि अचानक .....

(ख) पिताजी सेना की नौकरी से छुट्टी लेकर आज घर आने वाले थे। हमने उनका जन्मदिन मनाने की पूरी तैयारियाँ कर ली थीं। यह दिन मैं कभी नहीं भूलूँगा/भूलूँगी क्योंकि जो कुछ आज हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी न की थी .....

****************